# लापरवाही या मिलीभगत, आम जनता परेशान, उठी जांच की मांग

## शासन-प्रशासन के नाक के नीचे ब्लैक में बिक रहे घरेलू गैस सिलेंडर



**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर 25 नवम्बर,भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के घरेलू गैस सिलेंडर अब खुलेआम ब्लैक में बिक्री रहे हैं. यह सब तब हो रहा है जब शासन और प्रशासन के अधिकारी क्षेत्र में रोजाना निरीक्षण और निगरानी की बात करते हैं. शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक घरेलू गैस की किल्लत ने आम लोगों की रसोई ठंडी कर दी है, वहीं गैस एजेंसियों के आसपास सक्रिय दलालों ने इस मौके को मुनाफाखोरी का जरिया बना लिया है.**

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, एक सिलेंडर जिसकी सरकारी कीमत 878.50 है, वह ब्लैक में 950 से 1300 तक में बेचा जा रहा है. स्थिति इतनी गंभीर है कि जरूरतमंद परिवारों को मजबूरी में अतिरिक्त पैसे देकर ही गैस सिलेंडर लेना पड़ रहा है.

### जिम्मेदार चुप, अधिकारी गोलमोल जवाब दे रहे

इस अवैध व्यापार के बारे में जब स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शिकायतें मिलने पर जांच कराई जाएगी. लेकिन क्षेत्र में हो रही खुलेआम कालाबाजारी पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.सूत्रों के अनुसार, कई बार ब्लैक में बिकने वाले सिलेंडर ट्रांसपोर्ट के दौरान ही निजी ठिकानों पर उतार लिए जाते हैं.इसमें स्थानीय स्तर पर कुछ एजेंसी कर्मियों और वाहन चालकों की मिलीभगत भी सामने आ रही है.

स्थानीय गृहिणी सविता कहती हैं कि हम हर महीने गैस बुक करते हैं, लेकिन डिलीवरी समय पर नहीं मिलती. बच्चे और बुजुर्ग घर में हैं, खाना बनाना जरूरी है.ऐसे में ब्लैक में खरीदना हमारी मजबूरी बन जाती है, पहले तो उज्वला योजना की सब्सिडी का लाभ मिल जाता था, लेकिन अब तो कुछ अता-पता नहीं है नंबर दो में बेचने वाले ही खा रहे सब्सिडी का लाभ. वहीं राजेश पटेल, एक किसान, कहते हैं कि रसोई गैस अब गरीब आदमी की पहुंच से दूर हो रही है.जो पहले सब्सिडी का लाभ मिल जाता था, अब वह भी बंद हो गया है. ऊपर से ब्लैक में गैस खरीदनी पड़ रही है.

### आपूर्ति में गड़बड़ी, ब्लैक मार्केटिंग चरम पर

नगर सहित आसपास के ग्रामों जैसे उनारसीकला, तीतरवर्री (नशोवरी), कलादेव, महोटी, जावती, रुसल्ली साहू, बलरामपुर, सोजना, मुरवास (2 जगह ) मुरारिया,सहित अनेको ग्रामो में घरेलू गैस की आपूर्ति लंबे समय से अनियमित बताई जा रही है.उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग करने के बाद भी उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिलते.जब वे एजेंसी पर संपर्क करते हैं तो उन्हें सप्लाई की कमी या वाहन न आने का बहाना सुनने को मिलता है.कुछ सिलेंडर बिक्रता तो सिलेंडर बिक्री के साथ साथ गैस रिप्लिंग का गैर क़ानूनी कार्य भी करते हैं कोई सुरक्षा के इंतजाम नहीं कोई कानून का भय नहीं खुलें आम कर रहे गैस सिलेंडर की अवैध बिक्री.इसी बीच कुछ बिचौलिए और निजी ट्रांसपोर्टर एजेंसी से गैस निकालकर ब्लैक में बेच रहे हैं.यह सिलेंडर आम नागरिकों को बाजार में 100-500 ज्यादा में बेचे जा रहे हैं.

### राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की प्रतिक्रिया

सामाजिक संगठन जन चेतना मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाटीदार ने कहा कि यह सीधे-सीधे उपभोक्ता शोषण है. शासन को चाहिए कि दोषियों पर न केवल आर्थिक दंड लगाए, बल्कि एजेंसियों की जवाबदेही तय करे.

### जनता की मांग प्रशासन तत्काल करे कार्रवाई

आनंदपुर और आसपास के नागरिकों ने जिला कलेक्टर व एसडीएम से नव भारत के माध्यम से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था की जांच के लिए विशेष टीम गठित की जाए.उन्होंने कहा कि प्रशासन को एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर, डिलीवरी चार्ट और उपभोक्ता वितरण सूची की गहन जांच करनी चाहिए. इससे साफ हो जाएगा कि सिलेंडर की कालाबाजारी किन चैनलों के माध्यम से की जा रही है.

जब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक यह गोरखधंधा बंद नहीं होगा.वहीं एक स्थानीय उपभोक्ता ने कहा कि गांवों में सिलेंडर की डिलीवरी अक्सर बिचौलियों के हाथों में होती है ये लोग गरीब परिवारों से अतिरिक्त पैसे लेकर ही सिलेंडर देते हैं. होटल और ठेलो पर घरेलु सिलेंडर का उपयोग अधिक हो रहा हैं1प्रशासन को इनको सिलेंडर प्रदान करने वाली ऐसी एजेंसियों की जांच करनी चाहिए और सख्त कार्यवाही करना चाहिए.

### कहा-कहा बिक रहा अवैध गैस सिलेंडर

तहसील लटेरी के ग्राम , मुरवास, मुरारिया, सोजना, बलरामपुर, रुसल्ली साहू, बड़ी मात्रा में पांच अलग अलग स्थानों पर ग्राम आनंदपुर में ,जावती, नसोवर्री कलादेव,महोटी, सहित अनेकों ग्राम में भारत गैस सिलेंडर का अवैध रूप से करोबार संचालित हो रहा है जिसमें बड़ी मात्रा में ये कारोबार संचालित हो रहा हैं.

### लटेरी खाद-आपूर्ति अधिकारी कभी नही उठाती हैं फोन

अवैध गैस सिलेंडर की बिक्री के विषय में जब नव भारत की टीम ने ब्लॉक खाद्य आपूर्ति अधिकारी से कई बार संपर्क करने की कोशिश की तो उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया.

### क्या कहते हैं जिला आपूर्ति अधिकारी

अनिल तंतुवाय , जिला आपूर्ति अधिकारी विदिशा का कहना है कि जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय से नव भारत ने बात की तो जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा की मेरे संज्ञान में ये मामला अभी आया है में जांच करवाता हूं.

### क्या कहते हैं एसडीएम

नितिन जैन अनुविभागीय अधिकारी क्षेत्र लटेरी का कहना है कि ये मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है और मैने इस मामले को लेकर जेएसओ से भी बात की है तो उनके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है की लटेरी क्षेत्र में एक रुचि गैस एजेंसी है और दो अन्य विक्रेता है और इनके अलावा कोई सिलेंडर मार्केट में बेच रहा है वह अवैध है इसकी में विधि अनुसार जांच कराकर कार्रवाई करूंगा.

# 19 दिसंबर को होगा अभिभाषक संघ का चुनाव

## हुआ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 26 से 28 नवंबर नामांकन जमा 1 दिसंबर से नाम वापसी

**नवभारत न्यूज**
**गंजबसौदा, अभिभाषक संघ के चुनाव की तारीख की घोषणा निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी आकाश कुर्मी द्वारा की गई है. उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर को अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए आवश्यक हुआ तो मतदान पुराने तहसील भवन के पास स्थित अभिभाषक संघ कार्यालय में प्रातः 9.30 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा.इसके बाद मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे.**

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 25 नवंबर को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा.नामांकन फार्म जमा 26 नवंबर से 28 नवंबर तक किए जाएंगे.इसका समय भी दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक नवीन न्यायालय भवन में रखा गया है शाम 4.30 बजे से 5.30 बजे तक पुराने न्यायालय भवन में नामांकन फार्म की जांच 29 नवंबर को होगी निर्वाचन अधिकारी की सुविधा व समय अनुसार नामांकन फार्म वापसी की दिनांक 1 दिसंबर एवं 2 दिसंबर की जा सकती है. इसका समय भी दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक नवीन न्यायालय भवन अथवा शाम 4.30 से 5.30 तक पुराने न्यायालय भवन में रखा गया है. पोस्टल मतदान 16 एवं 17 दिसंबर को होगा.प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 3 दिसंबर को किया जाएगा. जिन प्रत्याशियो की ओर से नियत समयावधि मे अपना नामांकन फार्म वापिस लिया जाता है, वह स्वयं रसीद प्रस्तुत कर अपनी अमानत राशि प्राप्त करने के अधिकारी होगें.प्रस्तावक को राशि वापिस नही दी जावेगी.निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की अमानत राशि वापिसी योग्य नही होगी ।प्रत्याशियो के अनुभव की गणना नामांकन फार्म जमा करने की दिनॉक को राज्य अधिवक्ता परिषद मे दर्ज नामांकन दिनाक से मान्य की जावेगी ।नामांकन फार्म के साथ राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदत्त सनद की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक है.किसी भी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने की दशा में वह रसीद प्रस्तुत कर अमानत राशि प्राप्त करने के अधिकारी रहेगें. किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन अधिकारियों का निर्णय अंतिम होगा.

# सर्दी ने दिखाया असर,सुबह कोहरे के कारण दृश्यता रही कम

## क्षेत्र में सुबह 11 बजे के बाद निकली धूप



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, क्षेत्र में इन दिनों सर्दी ने असर दिखाना शुरू कर दिया हैं. क्षेत्र में सुबह कोहरा दिखाई दे रहा है. जिससे दृश्यता में कमी दिख रही है. वही लोग धूप को भी तरसते दिखाई दे रहे है.**

क्षेत्र में मंगलवार को सुबह 11 बजे के बाद धूप निकलती दिखाई दी. जिससे लोग सुबह धूप को तरसते दिखे. वही दिन में भी बादलों में सूरज की लुकाछुपी का दौर चलता रहा. क्षेत्र में शीतलहर एवं सर्दी से तापमान काफी लुढ़क गया. रात के तापमान में काफी गिरावट आई हैं. तो वही सुबह के समय कोहरा भी दिखाई दे रहा है. सुबह के समय कोहरा होने से दृश्यता भी कम रही. जिसके कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखाई देती है. लोग सुबह वाहनों की लाइट जलाकर वाहन चलाते दिखाई दे रहे हैं. सर्दी एवं शीतलहर के चलते लोगों की दिनचर्या पर भी असर पड़ रहा है. सर्दी के बचाव के लिए लोग अधिकांश समय घरों पर व्यतीत कर रहे हैं. जिससे सुबह एवं शाम को सड़कों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रही है. वही सर्दी एवं शीत लहर से बचने गर्म वस्त्रों एवं अलाव का उपयोग करते दिखाई दे रहे हैं. जानकारों की मानें तो आगामी दिनों में सर्दी में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है.

# 3 पटवारी, 10 बीएलओ को दिये नोटिस, एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर की कार्यवाही


**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य इन दिनों जोरों पर है. वही एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो पटवारियों को नोटिस जारी किये गये हैं. इसके पूर्व में भी एक पटवारी, 10 बीएलओ तथा एक अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है.**

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में इन दिनों निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य चल रहा है. सिरोंज के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा भी मतदान केंद्रों पर जाकर एसआईआर कार्य का जायजा ले रहे है. तथा मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह कर रहे है. तहसील स्थित निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 लाख 26 हजार 424 मतदाता है. जिनके लिये निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य जारी है. ऐसे में एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो पटवारियों को नोटिस जारी किये गये हैं. वही पूर्व में भी एक पटवारी, 10 बीएलओ तथा एक अधिकारी को नोटिस जारी किया जा चुका है.

## 116 आवेदनों में से 56 का हुआ निराकरण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान हो रहा है.मंगलवार 25 नवम्बर को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 116 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है. जिसमें से मौके पर 56 आवेदनो का निराकरण किया गया है.शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए हैं. अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मौके पर निराकरण की पहल की है. जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अनुभा जैन, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे.

# 22 वर्षों से कर रहे थे नगर पंचायत की मांग



## मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद उमड़ी खुशी, क्षेत्र में जश्न का माहौल

**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध ग्यारसपुर नगर में रविवार का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाएगा.गंजबासौदा में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ग्यारसपुर को नगर पंचायत घोषित करने की घोषणा जैसे ही मंच से हुई, पूरे ग्यारसपुर में खुशी की लहर दौड़ गई.**

ग्यारसपुर, जो नवीं एवं दसवीं सदी की अद्भुत ऐतिहासिक इमारतों, धार्मिक स्थलों एवं गौरवशाली परंपराओं के लिए देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है, आज तक ग्राम पंचायत के रूप में संचालित होता आया है. 22 वर्षों से लगातार नगर पंचायत बनाने की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा उठाई जा रही थी, जो अब पूरी होने की ओर है. प्रदेश स्तर का महत्वपूर्ण मुख्यालय,ग्यारसपुर वर्तमान में एसडीएम कोर्ट, जनपद पंचायत , तहसील ,थाना ,एवं 71 ग्राम पंचायतों का मुख्यालय है.लगभग 12,000 से अधिक की जनसंख्या और 5000 से अधिक पंजीकृत मतदाता होने के बावजूद कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया था, जिससे शहरी सुविधाएं सीमित रह गई थीं.

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद से चाय-ठेलों, बाजारों, चौक-चौराहों पर नगर पंचायत की चर्चा जोरों पर है और लोगों के चेहरों पर उत्साह और मुस्कान साफ दिखाई दे रही है.नगरवासी मानते हैं कि नगर पंचायत बनने के बाद बेहतर सड़कें, स्ट्रीट लाइट, जलप्रणाली, स्वच्छता व्यवस्था, सीवरेज सिस्टम एवं शहरी विकास योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा. 22 वर्ष पुरानी मांग अब होने जा रही है पूरी, ग्यारसपुर के समाजसेवी मुकेश सोनी ने बताया कि साल 2003 में जब प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में आए थे, तभी पहली बार ग्रामवासियों ने नगर पंचायत की मांग रखी थी. इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज से भी इस विषय पर आग्रह किया गया था.कई बार धरना-प्रदर्शन, रैलियां और ज्ञापन भी दिए गए. हाल ही में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जनसंख्या, राजस्व और कर संबंधी आंकड़े मांगे गए थे, जो ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करा दिए गए थे.

### नगर पंचायत से विकास को गति

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं नागरिकों का कहना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत के बजट से बड़े पैमाने पर विकास संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे नगर कई वर्षों से पिछड़ रहा था.अब नगर पंचायत बनने के बाद ग्यारसपुर तेजी से विकास की राह पर अग्रसर होगा, ऐसी लोगों में प्रबल उम्मीद है.ग्यारसपुर वासियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के भविष्य के लिए ऐतिहासिक साबित होगा.

## विकासखंड स्तरीय पर्यावरण निर्माण शिविर संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सोमवार को सांदीपनि विद्यालय सिरोंज में विकासखंड स्तरीय पर्यावरण निर्माण शिविर का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संबंधी आवश्यक सहयोग प्रदान करना था. कार्यक्रम में बीईओ उमेश सोनी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारी शक्ति हैं. उन्हें समान अवसर और वातावरण उपलब्ध कराना समाज का दायित्व है. शाला के प्राचार्य महेश ताम्रकार, बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव, शिक्षक संजीव माथुर, पार्षद प्रतिनिधि संजय सोनी, तोषमणि पंथी तथा अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों की आवश्यक जांच के लिये मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया गया.

# गौंड समाज के महानायकों पर आधारित 'जननायक' महोत्सव हुआ संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** गोंड साम्राज्य के महानायकों पर आधारित तीन दिवसीय सांस्कृतिक श्रृंखला 'जननायक महोत्सव' का कुरवाई में संपन्न हुआ. अंतिम दिवस की प्रस्तुति के रूप में राजा पोमेलशाह के जीवन पर आधारित नृत्य-नाट्य रूपांतरण मंचित किया गया, जिसे देखकर पूरा जनसमूह भाव-विभोर और उत्साह से सराबोर हो उठा.कार्यक्रम में मुख्य अतथि विधायक हरि सिंह सप्रे, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन आदर्श शिक्षक प्रमोद चौहान के द्वारा किया गया.

संस्कृति विभाग के द्वारा पहुंचे नाटक कलाकारों ने अपनी कला कौशल से जन समूह को बंधे रखा. विधायक श्री सप्रे ने इस मौके पर कहा कि संस्कृति विभाग से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करवाने में आगे भी प्रयास किए जाते रहेंगे.कार्यक्रम के दौरान उत्साह के क्षण तब चरम पर पहुँच गए जब विधायक ने मंच पर पा तलवार घूमने का रोमांचित करने वाला प्रदर्शन कर जन समूह को अचंभित कर दिया.तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान रानी दुर्गावती, राजा हीरालाल सिंह और राजा पोमेलशाह पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियाँ हुईं, जिन्होंने गोंड संस्कृति, त्याग, शौर्य और गौरवशाली परंपरा को प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत किया विधायक सप्रे ने सभी कलाकारों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उनकी खूब प्रशंसा की. समापन के साथ ही तीन दिन तक चले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक वातावरण से पूरा नगर गौरव और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया.

# नागरिक समिति बासौदा एवं सेवा भावी संस्था दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ ने बांटे 300 कंबल




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** नागरिक समिति बासौदा एवं सेवा भावी संस्था दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ के अध्यक्ष योगेश भाई शाह के सहयोग से 300 से ज्यादा निर्धन लोगों को सर्दी से बचने के लिए 300 कंबलों का वितरण किया गया.इस अवसर पर राधेश्याम साहू की तरफ से पूरी सब्जी और हलुआ का वितरण भी किया गया.यह जानकारी देते हुए नागरिक सेवा समिति के प्रवक्ता राजकुमार मलकानी ने बताया कि इस अवसर पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, दयाशंकर जायसवाल, राधेश्याम साहू, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ,बाबूराम सचान , प्रकाश माहेश्वरी, सुरेश कुमार जी जैन, सतपाल तवानी, सुरेश तमरकर, खेमचंद मेहता, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता आदि उपस्थित थे.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.
मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

आयोजन — 73वां महाबोधि महोत्सव का होगा आयोजन

# ऐतिहासिक सांची दुल्हन की तरह सजी, तैयारियां पूरी



**नवभारत न्यूज**
**सांची,विश्व धरोहर का गौरव समेटे ऐतिहासिक नगरी सांची 73वें महाबोधि महोत्सव के स्वागत में दुल्हन की तरह सजकर तैयार है.महाबोधि सोसायटी एवं प्रशासन ने समारोह की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं.नगर को आकर्षक रोशनी, बैनर और पोस्टरों से सँवारा गया है, वहीं स्तूप परिसर स्थित बौद्ध बिहार भी विशेष रूप से सजाया गया है.**

समारोह में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा प्रशासन ने सुविधाओं की व्यापक व्यवस्थाएं की हैं.जानकारी के अनुसार सांची ढाई हजार वर्ष पुरानी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहर समेटे हुए है. इसी समृद्ध विरासत को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिवर्ष महाबोधि महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से हजारों बौद्ध अनुयायी और पर्यटक शामिल होते हैं। इस बार 73वें महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

इस वर्ष के आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे.महामहिम महिशिनि कालोन, भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त; मप्र सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल; पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी; संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री; सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी; जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा; महाबोधि सोसायटी के पूज्य वानगल उपतिस्स नायक थैरो, चैत्यगिरि बिहार के अध्यक्ष तथा सांची-बिहार बौद्ध के वरिष्ठ भिक्षु सांची वानगल विमलतिस्स नायक थैरो उपस्थित रहेंगे.सांची के बौद्ध स्तूपों का निर्माण तीसरी सदी ईसा पूर्व से 12वीं सदी तक सम्राट अशोक द्वारा कराया गया.देखरेख के अभाव में ये स्तूप लंबे समय तक ध्वस्त अवस्था में रहे.अंग्रेजी शासन के दौरान 1712 से 1919 के बीच जनरल जॉनसन, जनरल कनिंघम, कैप्टन मेसी, भंडार कोल तथा सर जॉन मार्शल ने इनका सर्वेक्षण कर संरक्षण कार्य प्रारंभ किया.साल 1951 में खुदाई के दौरान एक पत्थर की पेटी मिली, जिसमें भगवान बुद्ध के परम शिष्य सारिपुत्र और महामोद्गलायण की पवित्र अस्थियां प्राप्त हुई.अंग्रेजी शासन के समय इन्हें अल्वर्ड विक्टोरिया म्यूजियम में सुरक्षित रखा गया था.आजादी के बाद नवाब हमीदुल्ला बहादुर और प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रयासों से इन पावन अस्थियों को भारत वापस लाया गया.

### अंतिम रविवार को ही क्यों होता है वार्षिकोत्सव

जब पवित्र अस्थियां सांची लाई गई थीं, तब नवम्बर माह का अंतिम रविवार था.उसी दिन इन्हें नवनिर्मित मंदिर में विशेष पूजन के बाद जनता के दर्शनार्थ रखा गया. महाबोधि सोसायटी के तत्कालीन प्रमुख पूज्य एच.एच. प्रज्ञातिस्स थैरो के नेतृत्व में यह परंपरा शुरू हुई.तब से ही हर वर्ष नवंबर के अंतिम रविवार को विशेष पूजा-अर्चना और वार्षिकोत्सव आयोजित होता है.

# गुम नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना सिरोंज पुलिस ने गुम नाबालिग बालिका को तलाश कर सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा.**

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में विदिशा पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिले में गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं तथा गुम व्यक्तियों की खोज कर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों से मिलवाया जा रहा है. विदिशा जिले में बाजारों, धार्मिक स्थलों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों से गुम हुए बच्चों एवं व्यक्तियों की तलाश में पुलिस निरंतर संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही कर रही है. 1 जनवरी 2025 से अब तक जिले में 341 से अधिक गुम, अपहृत बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया जा चुका है. इसी क्रम में थाना सिरोंज पुलिस द्वारा नवंबर माह में गुम हुई 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा. 16 नवंबर को शिकायतकर्ता द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कस्टम पथ, सिरोंज से बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना सिरोंज में दर्ज कराई गई थी. रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस टीम ने सतत प्रयास कर 23 नवंबर को बालिका को सकुशल दस्तयाब किया. इस कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी सिरोंज सोनू डावर के मार्गदर्शन में निरीक्षक विमलेश राय, उप निरीक्षक आर.के. दोहरे, आरक्षक शशांक पाठक, आरक्षक मनीष, आरक्षक विष्णु तोमर एवं महिला आरक्षक यशवंती की महत्वपूर्ण भूमिका रही.